पत्र सूचना शाखा
(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

मुख्यमंत्री ने जनपद कुशीनगर भ्रमण के दौरान निर्माणाधीन महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया, गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ विश्वविद्यालय का निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिए

लगभग 450 करोड़ रु0 की लागत से निर्मित हो रहा यह विश्वविद्यालय पूर्वी उ0प्र0 के किसानों, कृषि वैज्ञानिकों तथा युवाओं के लिए आधुनिक कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं नवाचार का प्रमुख केन्द्र बनेगा : मुख्यमंत्री

आज का कुशीनगर पहले जैसा पिछड़ा जनपद नहीं रहा, प्रदेश सरकार के प्रयासों से जनपद में विकास एवं निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार हुआ

कुशीनगर में मेडिकल कॉलेज की स्थापना, अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का संचालन, नई सड़कों एवं राजमार्गों का निर्माण तथा गोरखपुर–सिलीगुड़ी कॉरिडोर जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं विकास एवं निवेश की नई सम्भावनाओं के द्वार खोल रहीं

देवरिया–कसया फोर–लेन मार्ग को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी, नॉर्थ–साउथ कॉरिडोर के अन्तर्गत क्षेत्रीय सम्पर्क को और सुदृढ़ बनाने की कार्ययोजना पर कार्य किया जा रहा

लखनऊ : 02 जून, 2026

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज जनपद कुशीनगर भ्रमण के दौरान निर्माणाधीन महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्था को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ विश्वविद्यालय का निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री जी ने निरीक्षण के दौरान कहा कि लगभग 450 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित हो रहा यह विश्वविद्यालय पूर्वी उत्तर प्रदेश के किसानों, कृषि वैज्ञानिकों तथा युवाओं के लिए आधुनिक कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं नवाचार का प्रमुख केन्द्र बनेगा। विश्वविद्यालय का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ना, खेती की लागत कम करना, उत्पादन बढ़ाना तथा किसानों की आय में गुणात्मक वृद्धि सुनिश्चित करना है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विश्वविद्यालय के संचालन से क्षेत्र के युवाओं को कृषि एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्राप्त होगी तथा कृषि आधारित रोजगार एवं उद्यमिता को भी बढ़ावा मिलेगा। यदि निर्माण सम्बन्धी औपचारिकताओं के कारण आवश्यकता हुई तो विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र को प्रारम्भ करने के लिए अस्थायी भवन अथवा वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि विद्यार्थियों की

शिक्षा प्रभावित न हो। प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि विश्वविद्यालय का निर्माण समयबद्ध रूप से पूर्ण होकर यह शीघ्र संचालित हो। इसके लिए सरकार सभी आवश्यक संसाधन एवं सहयोग उपलब्ध करा रही है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज का कुशीनगर पहले जैसा पिछड़ा जनपद नहीं रहा। प्रदेश सरकार के प्रयासों से यहां इंसेफेलाइटिस जैसी गम्भीर बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया है। कानून व्यवस्था में व्यापक सुधार हुआ है तथा अपराध एवं माफियाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया गया है। परिणामस्वरूप जनपद में विकास एवं निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार हुआ है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कुशीनगर में मेडिकल कॉलेज की स्थापना, अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का संचालन, नई सड़कों एवं राजमार्गों का निर्माण तथा गोरखपुर–सिलीगुड़ी कॉरिडोर जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं विकास की नई सम्भावनाओं के द्वार खोल रही हैं। देवरिया–कसया फोर–लेन मार्ग को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है तथा नॉर्थ–साउथ कॉरिडोर के अन्तर्गत क्षेत्रीय सम्पर्क को और सुदृढ़ बनाने की कार्ययोजना पर कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बेहतर सड़क सम्पर्क, एयर कनेक्टिविटी, मेडिकल कॉलेज एवं कृषि विश्वविद्यालय जैसी परियोजनाएं कुशीनगर को शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पर्यटन और निवेश का महत्वपूर्ण केन्द्र बनाएंगी। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे तथा प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पूर्वांचल के किसानों के जीवन में मील का पत्थर साबित होगा तथा कृषि क्षेत्र में नवाचार और आत्मनिर्भरता का नया अध्याय लिखेगा।

इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा शासन–प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

————————

PN-CM-Kushinagar Visit-Inspection-02 June, 2026